AE-2026-SCI

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार, पटना
वार्षिक मूल्यांकन– 2026
प्रश्न–पत्र

कक्षा : VI विषय : विज्ञान

समय : 2 घंटे पूर्णांक : 50

निर्देश

- इस प्रश्न–पत्र में कुल 5 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके लिए निर्धारित अंक एवं निर्देश अंकित है।

1. कोष्ठक में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

[मीटर, आवास, मिलेट, तापमापी, भोजन] $5 \times 2 = 10$

(i) हमारे शरीर की वृद्धि के लिए हमें .... की आवश्यकता होती है।

(ii) वह स्थान जहाँ पौधे और जंतु रहते हैं, उसे उनका .... कहते हैं।

(iii) .... को मोटा अनाज भी कहते हैं।

(iv) लम्बाई का SI मात्रक .... है।

(v) वह उपकरण जो ताप मापता है .... कहलाता है।

2. दिए गए कथन में सही के लिए (✓) तथा गलत के लिए (✕) का चिह्न लगाइए। $5 \times 2 = 10$

(i) द्रव्य के शुद्ध रूप को पदार्थ कहते हैं। ☐

(ii) चुम्बक में तीन ध्रुव होते हैं। ☐

(iii) ताप का SI मात्रक केल्विन है। ☐

(iv) बीजों के अंकुरण के लिए जल की आवश्यकता नहीं होती है। ☐

(v) रेत और कंकड़ के मिश्रण को चालनी का उपयोग कर अलग–अलग किया जाता है। ☐

3. स्तम्भ 'अ' का उपयुक्त मिलान स्तम्भ 'ब' से कीजिए। $5 \times 2 = 10$

स्तम्भ– अ	स्तम्भ– ब
(i) पकी हुई मिट्टी	(a) चंद्रमा
(ii) चावल से भूसा अलग करने की प्रक्रिया	(b) सूर्य
(iii) पृथ्वी पर ऊर्जा का प्रमुख स्रोत	(c) उद्दीपन
(iv) प्राकृतिक उपग्रह	(d) टेराकोटा
(v) गर्म वस्तुओं को छूना	(e) ओसाई

4. लघु उत्तरीय प्रश्न (लगभग 50 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $2 \times 5 = 10$

(i) सरल रेखीय, वृत्तीय एवं दोलन गति के दो–दो उदाहरण दीजिए।

(ii) जीवाश्म ईंधन से आप क्या समझते हैं?

5. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दीजिए)। $1 \times 10 = 10$

जल हमारे अधिकार से पहले हमारी जिम्मेदारी है'' इस कथन पर विचार कीजिए एवं अपने विचार लिखिए।

अथवा

मच्छर और मेंढक के जीवन–चक्र में समानताओं और भिन्नताओं को सूचीबद्ध कीजिए।